

# ‘‘ट्रीज़ आउट साइड फॉरेस्ट्स फॉर उत्तर प्रदेश’’
# पुस्तक का विमोचन

*भा.वा.अ.शि.प.–पारिस्थितिक पुनर्स्थापन केन्द्र, प्रयागराज द्वारा दिनांक 12.02.2024 को माघमेला क्षेत्र में चल रहे वानिकी प्रसार एवं चेतना शिविर के समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्रभागीय वन अधिकारी, प्रयागराज, महावीर कौजलगी, भा.व.से. ने केन्द्र के वैज्ञानिकों द्वारा लिखित पुस्तक **“ट्रीज आउट साइड फॉरेस्ट्स फॉर उत्तर प्रदेश”** का विमोचन किया। उन्होने अपने संभाषण में बताया कि केन्द्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार वन क्षेत्र के अतिरिक्त उपलब्ध भूमि में वृक्षारोपण से हरित क्षेत्रफल बढ़ाने हेतु प्रयत्नशील है, जिसमें यह पुस्तक सहायक होगी। पुस्तक में केन्द्र के वैज्ञानिक लेखकगण डॉ. संजय सिंह, डॉ. अनीता तोमर, आलोक यादव तथा डॉ. अनुभा श्रीवास्तव ने उत्तर प्रदेश के विभिन्न कृषि जलवायु क्षेत्रों हेतु उपयुक्त 34 वृक्ष प्रजातियों की नर्सरी तकनीकों, उच्च गुणवत्ता युक्त पौध सामग्री, पौधारोपण तकनीक, आर्थिकी तथा विपणन सम्बन्धी जानकारी दी है। केन्द्र प्रमुख डॉ. संजय सिंह ने कहा कि कृषकों और वृक्ष उत्पादकों को क्षेत्र विशेष हेतु वृक्ष प्रजातियों के लाभप्रद विकल्प उपलब्ध कराने का केन्द्र का प्रयास रहता है। यह पुस्तक उसी की एक कड़ी है। गैर वन भूमि पर वृक्षारोपण होने से आर्थिक लाभ के साथ–साथ पर्यावरण सुधार भी सुनिश्चित होगा। वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनीता तोमर द्वारा उत्तर प्रदेश क्षेत्र के लिए पॉपलर के उपयुक्त क्लोनो की जानकारी दी गयी। वरिष्ठ वैज्ञानिक आलोक यादव द्वारा उत्तर प्रदेश क्षेत्र हेतु उपयुक्त बाँस प्रजातियों तथा क्षेत्र में अगर वृक्षों के स्थापन पर प्रकाश डाला गया। शिविर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अनुभा श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन सांचली वर्मा, परियोजना अनुसंधान सहायक द्वारा किया गया। कार्यक्रम में केन्द्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. कुमुद दूबे, तकनीकी अधिकारी रतन गुप्ता, धर्मेन्द्र कुमार तथा शोध छात्र–छात्राओं के साथ विभिन्न महाविद्यालयों के शिक्षकगण तथा विद्यार्थी आदि उपस्थित थे।*




माघ मेला प्रयागराज-2024
वानिकी प्रसार एवं चेतना शिविर
दिनांक - 16 जनवरी से 15 फरवरी 2024
Bamboo for Flute
डॉ.अनीता तोमर
डॉ. संजय सिंह
आलोक यादव


माघ मेला प्रयागराज-2024
डॉ.अनीता तोमर
डॉ. संजय सिंह
आलोक यादव


माघ मेला प्रयागराज-2024
वानिकी प्रसार एवं चेतना शिविर
दिनांक - 16 जनवरी से 15 फरवरी 2024
भा० वा० अ० शि० प० – पारिस्थितिक पुनर्स्थापन केन्द्र, प्रयागराज

